सं-12016/19/2025-रा.भा.(क-2) -पार्ट
राजभाषा विभाग
(गृह मंत्रालय)

चतुर्थ तल, एनडीसीसी II भवन,
जयसिंह रोड, नई दिल्ली
दिनांक: 10 फरवरी, 2026

कार्यालय ज्ञापन

विषय: 20 फरवरी, 2026 को अगरतला (त्रिपुरा) में आयोजित किए जाने वाले संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन में सिक्योरिटी पास और सम्मेलन किट का वितरण।

जैसा कि विदित ही है, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा पूर्व, पूर्वोत्तर और उत्तरी क्षेत्रों का संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन 20 फरवरी, 2026 को अगरतला (त्रिपुरा) में किया जा रहा है। इस अवसर पर राजभाषा विभाग के पोर्टल पर पंजीकृत प्रतिभागियों को सिक्योरिटी पास एवं सम्मेलन किट का वितरण इंटरनेशनल इंडोर एग्जिबिशन सेंटर, हपानिया, अगरतला (त्रिपुरा)-799001 में निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगा-

| | |
|---|---|
| 19 फरवरी, 2026 | प्रात: 10.30 बजे से सायं 18.30 बजे तक |

कृपया ध्यान दें:

1. पंजीकरण पोर्टल पर पंजीकरण कराते समय आपको पंजीकरण संख्या/विशिष्ट पहचान संख्या प्रदान की गई है। सिक्योरिटी पास एवं सम्मेलन किट प्राप्त करने के लिए कृपया इस पंजीकरण संख्या का **प्रिंट आउट अपने सरकारी आई कार्ड के साथ अवश्य लाएं।**
2. कृपया मोबाइल पर पंजीकरण न दिखाएं बल्कि उसकी हार्ड प्रति काउंटर पर सिक्योरिटी पास प्रदान करने वाले अधिकारी को प्रदान करें।
3. कृपया अपने सिक्योरिटी पास आदि 19 फरवरी को ही प्राप्त कर लें। सुरक्षा कारणों से 20 फरवरी, 2026 को इनका वितरण नहीं किया जाएगा।
4. यह आयोजन केवल केंद्र सरकार के कार्यालयों/उपक्रमों/बैंकों/निगमों/बोर्डों/शैक्षिक संस्थानों आदि में कार्यरत/सेवारत अधिकारियों/ कर्मचारियों के लिए है।
5. किसी भी अद्यतन जानकारी के लिए कृपया विभाग की वेबसाइट- rajbhasha.gov.in को निरंतर देखते रहें। किसी भी अन्य जानकारी के लिए इस विभाग के तकनीकी कक्ष से संपर्क करें।

10/02/2026

(राजेश कुमार श्रीवास्तव)
संयुक्त निदेशक (नीति/अनुसंधान एवं पत्रिका)

सेवा में,

सभी केंद्रीय कार्यालयों/ बैंकों/ उपक्रमों/ निगमों/ बोर्डों/शैक्षिक संस्थानों आदि के पंजीकृत अधिकारी/कर्मचारी।